# सृजन

## कक्षा-2

## अध्यापक सहायक-पुस्तिका

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** आँखों का तारा किसे कहा गया है?

उत्तर—देश को।

**(ख)** हमारा देश कैसा है?

उत्तर—न्यारा व दुलारा है।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

रंग-बिरंगी फुलवारी
सुंदर फूलों की क्यारी,
हिंदू-मुसलिम, सिख-ईसाई,
सब लोगों की प्यारी।

(क) फुलवारी कैसी है—

बिखरी हुई ☐ रंग-बिरंगी ☑

(ख) फूलों की क्यारी किन लोगों की प्यारी है—

हिंदू-मुसलिम, सिख-ईसाई की ☑ केवल बच्चों की ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) भारत का नाम किस व्यक्ति के नाम पर पड़ा— भृगु/**भरत**

(ख) भारत का मुकुट कहलाता है— **हिमालय**/कंचनजंगा

(ग) भारत की प्रमुख नदी है— **गंगा**/सिंधु

(घ) भारत की राजधानी है— मेरठ/**दिल्ली**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

पाया जन्म **यहाँ हमने**
खाया **अन्न** यहाँ हमने,
इसकी **मिट्टी** में खेले
इसके सारे **सुख** झेले।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बच्चे सबसे न्यारा किसे बता रहे हैं?

उत्तर—बच्चे सबसे न्यारा देश को बता रहे हैं।

(ख) फुलवारी व क्यारी किसे कहा गया है?

उत्तर—फुलवारी फूलों की बगिया व क्यारी पौधे के छोटे खेत को कहा गया है।

(ग) क्या गूँज रहा है?

उत्तर—नारा गूँज रहा है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. तुकवाले शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पाया | **खाया** | प्यारी | **न्यारी** |
| प्यारा | **न्यारा** | जन्म | **अन्न** |

**7. समझो और लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हमारा | **हमारे** | न्यारा | **न्यारे** |
| सारा | **सारे** | प्यारा | **प्यारे** |
| तारा | **तारे** | | |

# 2 बेचारा गुनीराम

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) गुनीराम कैसा व्यक्ति था?

उत्तर—मूर्ख।

(ख) गुनीराम कहाँ जा रहा था?

उत्तर—अपनी ससुराल।

(ग) गुनीराम को रास्ते में सबसे पहले कौन मिला?

उत्तर—चिड़ीमार।

(घ) चारों ने गुनीराम को क्या कहने को कहा?

उत्तर—लाते रहो।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

गुनीराम की आवाज सुनते ही सारी चिड़ियाँ उड़ गईं। चिड़ीमार बहुत नाराज हुआ। उसने गुनीराम को खूब पीटा। गुनीराम की समझ में कुछ न आया।

(क) गुनीराम की आवाज सुनते ही क्या हुआ—

बच्चे डर गए ☐ सारी चिड़ियाँ उड़ गईं ☑

(ख) गुनीराम को किसने पीटा—

लोगों ने ☐ चिड़ीमार ने ☑

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और इनके नाम बताओ—**

(क) पहरा देने वाला कहलाता है— **पहरेदार**/हवलदार

(ख) चिड़ियाँ पकड़ने वाला कहलाता है— चिड़ियाघर/**चिड़ीमार**

(ग) मछली पकड़ने वाला कहलाता है— **मछुवारा**/अध्यापक

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) गुनीराम को रास्ते में एक **चिड़ीमार** मिला।

(ख) कुछ दूर जाने पर उसे तीन **चोर** मिले।

(ग) कुछ लोग **मुर्दे** को लेकर आ रहे थे।

(घ) पिटते-पिटते गुनीराम का बुरा **हाल** हो गया था।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) घरवालों ने गुनीराम को क्या सिखाया?

उत्तर—घरवालों ने गुनीराम को 'नमस्कार' कहना सिखाया।

(ख) चिड़ीमार ने गुनीराम को क्यों पीटा?

उत्तर—चिड़ीमार ने गुनीराम को इसलिए पीटा क्योंकि गुनीराम की आवाज सुनकर सारी चिड़ियाँ उड़ गई थीं।

(ग) चोरों ने गुनीराम को क्यों पीटा?

उत्तर—गुनीराम के 'फँसते रहो' कहने पर चोरों ने उसे पीटा।

(घ) गुनीराम ने ससुराल जाने का इरादा क्यों छोड़ा?

उत्तर—गुनीराम ने ससुराल जाने का इरादा इसलिए छोड़ दिया क्योंकि बिना बात या गलती के पिटते-पिटते गुनीराम का बुरा हाल हो गया था।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. समझो और उचित शब्द भरकर वाक्य पूरे करो—**

(क) चिड़ीमार बहुत नाराज हुआ। **उसने** गुनीराम को खूब पीटा।

(ख) एक दिन **वह** ससुराल जा रहा था।

(ग) घरवालों ने बताया कि जो कोई मिले, **उसे** नमस्कार कहना।

(घ) लोगों ने **उसकी** खूब पिटाई की।

**7. वर्णों को जोड़कर शब्द बनाओ—**

ज् + ा + ल = **जाल**

झ् + ा + ड् + ी = **झाड़ी**

च् + ो + र = **चोर**

प् + ी + ट् + ा = **पीटा**

# 3 नन्हा बीज

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) गुलाब के बीज का घर कहाँ था?

उत्तर—जमीन के नीचे।

(ख) सूरज की किरण बीज को क्या देना चाहती थी?

उत्तर—प्रकाश।

(ग) बीज के घर कौन-कौन आया?

उत्तर—बारिश बूँद व सूरज की किरण।

(घ) बाहरी दुनिया के बारे में बीज ने क्या सुना था?

उत्तर—बाहरी दुनिया बहुत खूबसूरत है।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बारिश की बूँद थक-हारकर चुप हो गई। अब चारों ओर चुप्पी थी। धीरे-धीरे रात बीती। सुबह हुई। फिर नन्हे बीज के कानों में एक मीठी आवाज गूँजी—''दरवाजा खोलो; मैं सूरज की किरण हूँ। मैं तुम्हें प्रकाश देना चाहती हूँ।''

(क) थक-हारकर कौन चुप हो गई—

बीज की माता ☐ बारिश की बूँद ☑

(ख) सुबह होने पर बीज के घर कौन आई—

सखी ☐ सूरज की किरण ☑

(ग) प्रकाश मिलता है—

सूरज से ☑ चंद्रमा से ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) वृक्ष हमें कौन-सी जीवनदायिनी गैस देते हैं— हाइड्रोजन/**ऑक्सीजन**

(ख) किस वृक्ष की पूजा की जाती है— **पीपल**/अमरूद

(ग) औषधीय पौधा है— **तुलसी**/गेंदा

(घ) आकार में गोल है— बादल/**सूरज**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) बूँद की आवाज सुनकर नन्हा बीज **डर** गया।

(ख) बारिश की बूँद थक-हारकर **चुप** हो गई।

(ग) बूँद व सूरज की किरण अंदर आने के लिए **व्याकुल** हो रही थीं।

(घ) सभी **फूल** उसके आने से प्रसन्न थे।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बूँद ने खिड़की से झाँककर बीज को क्या कहा?

**उत्तर**—बूँद ने खिड़की से झाँककर बीज को कहा—''अरे, दरवाजा तो खोलो, हम खूब सारी प्यारी-प्यारी बातें करेंगे।''

(ख) जब बीज ने खिड़की का परदा हटाया तो उसने क्या देखा?

**उत्तर**—जब बीज ने खिड़की का परदा हटाया तो उसने देखा कि बारिश की बूँद और सूरज की किरण अंदर आने के लिए व्याकुल हो रहीं थीं।

(ग) नन्हा बीज दरवाजा क्यों नहीं खोल रहा था?

**उत्तर**—नन्हा बीज डर के कारण दरवाजा नहीं खोल रहा था।

(घ) नन्हे बीज ने धरती पर आकर क्या देखा?

**उत्तर**—नन्हे बीज ने धरती पर आकर देखा कि सभी फूल उसके आने से प्रसन्न थे। मानो उसका स्वागत कर रहे हों।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. समझो और काम वाले शब्दों से वाक्य पूरे करो—**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | खोलना | उसने दरवाजा नहीं खोला। |
| (ख) | बुलाना | उसने मुझे नहीं **बुलाया**। |
| (ग) | आना | एक प्यारी-सी मधुर आवाज **आयी**। |
| (घ) | देखना | उसने चारों ओर **देखा**। |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| स्वागत | सभी फूलों ने गुलाब का **स्वागत** किया। |
| प्रकाश | सूरज की किरण बीज को **प्रकाश** देना चाहती थी। |
| अँधेरा | जमीन के नीचे बहुत **अँधेरा** था। |
| छू-मंतर | बीज का डर **छू-मंतर** हो गया। |

# 4 सयानी चींटी

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) चींटियों की रानी का नाम क्या था?

**उत्तर**—चिंकी।

(ख) चींटियों का किला किससे भर गया?

**उत्तर**—पानी से।

(ग) चींटियों को देखकर आदमी ने क्या किया?

**उत्तर**—चींटियों के खाने के लिए आटा डाल दिया।

(घ) चींटी रानी सब चींटियों को कहाँ ले गई?

**उत्तर**—ऊँचे टीले पर।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

रानी चींटी चलने लगी तो सब चल पड़ीं उसके पीछे-पीछे। थोड़ी देर में वे एक ऊँचे टीले पर पहुँच गईं। वहाँ पहुँचकर चिंकी रानी बोली कि अब हम यहीं रहेंगे। जाओ आस-पास से खाना ढूँढ़कर लाओ।

(क) सब चींटियाँ किसके पीछे-पीछे चल दीं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| आदमी के | ☐ | रानी चींटी के | ✓ |

(ख) वे सभी कहाँ पहुँच गईं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| टीले पर | ✓ | राजमहल में | ☐ |

(ग) चिंकी रानी ने क्या ढूँढ़कर लाने को कहा—

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाना | ✓ | शिकार | ☐ |

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) चींटियों का रंग होता है— पीला/**काला**

(ख) सभी चींटियाँ चलती हैं— **एक कतार में**/बराबर-बराबर

(ग) चींटियाँ आ जाती हैं— **मिठाई पर**/नमकीन पर

(घ) क्या चींटियाँ उड़ सकती हैं— हाँ/**नहीं**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) रानी के पास अपनी बहुत बड़ी **सेना** थी।

(ख) कुछ **चींटियाँ** पानी में बह गईं।

(ग) चींटियों ने पेटभर भोजन किया और **सो** गईं।

(घ) रानी चींटी ने एक दिन **सभा** बुलाई।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चिंकी कौन थी?

उत्तर—चिंकी चींटियों की रानी थी।

(ख) बरसात होने पर क्या हुआ?

उत्तर—बरसात होने पर चींटियों के किले में पानी भर गया। पानी का बहाव भी तेज था। कुछ चींटियाँ पानी में बह गईं। कुछ पानी के किनारे तड़प रही थीं।

(ग) आदमी ने चींटियों की मद्द किस प्रकार की?

उत्तर—आदमी ने चींटियों के खाने के लिए दुकान से आटा लाकर वहाँ डाल दिया।

(घ) रानी चींटी सभी चींटियों को टीले पर क्यों लाई?

उत्तर—रानी चींटी सभी चींटियों को टीले पर ले गई क्योंकि सभी चींटियाँ बिना परिश्रम किए खाना खा-खाकर आलसी होती जा रही थीं।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. समझो और विशेषता बताने वाले शब्दों का मिलान करो—**

| | |
|---|---|
| घनघोर | टीले |
| बड़ी | बरसात |
| ऊँचे | चींटी |
| परिश्रमी | सेना |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रानी | **रानियाँ** | किला | **किले** |
| सेना | **सेनाएँ** | दावत | **दावतें** |
| टीला | **टीले** | सभा | **सभाएँ** |

# सतत मूल्यांकन-I (Continuous Evaluation-I)

## (पाठ 1 से 4)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) गुनीराम कैसा व्यक्ति था?

उत्तर—मूर्ख।

(ख) बीज के घर कौन-कौन आया?

उत्तर—बारिश की बूँद व सूरज की किरण।

(ग) चींटियों की रानी का क्या नाम था?

उत्तर—चिंकी।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) फूलों की क्यारी किन लोगों की प्यारी है—

हिंदू-मुसलिम, सिख-ईसाई की ☑ केवल बच्चों की ☐

(ख) गुनीराम की आवाज सुनते ही क्या हुआ—

बच्चे डर गए ☐ सब चिड़ियाँ उड़ गईं ☑

(ग) प्रकाश मिलता है—

सूरज से ☑ चंद्रमा से ☐

**3. बूझो पहेली**

**सोचो और समझो—**

(क) भारत का मुकुट कहलाता है— **हिमालय**/कंचनजंगा

(ख) भारत की राजधानी है— मेरठ/**दिल्ली**

(ग) क्या चींटियाँ उड़ सकती हैं— हाँ/**नहीं**

(घ) औषधीय पौधा है— गेंदा/**तुलसी**

# मेरी प्यारी माँ

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बालक किसकी उँगली पकड़कर चलना सीखता है?

उत्तर—माँ की।

(ख) हमें किससे नहीं घबराना चाहिए?

उत्तर—विपदाओं से।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

सारी खुशियाँ दीं मुझको
सारे जहाँ से लाकर,
धन्य हुआ मेरा जीवन
ऐसी माँ को पाकर।

(क) माँ ने सारे जहाँ से क्या लाकर दिया—

खुशियाँ ✓ धन ☐

(ख) माँ को पाकर जीवन कैसा हो जाता है—

दुःखी ☐ धन्य ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

गोल-गोल सी रचना न्यारी
नीली-पीली हरी-गुलाबी,
मम्मी हों चाहे हों दादी
सबके हाथों में लगती प्यारी। कंगन

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

जिसके आँचल **की छाया** में
**बचपन** मेरा बीता है,
जिसकी उँगली **पकड़-पकड़** कर
चलना मैंने **सीखा** है।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) हमारा बचपन किसकी छाया में बीतता है?

उत्तर—हमारा बचपन माँ के आँचल की छाया में बीतता।

(ख) माँ हमें क्या शिक्षा देती है?

उत्तर—माँ हमें बुरे काम से बचने की शिक्षा देती है।

(ग) माँ ने हमें क्या सिखाया है?

उत्तर—माँ ने हमें हर मुश्किल से टकराना सिखाया।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंचल | **आँचल** | मारग | **मार्ग** |
| अगुली | **उँगली** | धनय | **धन्य** |
| सिक्षा | **शिक्षा** | मां | **माँ** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| बचपन | माँ के आँचल की छाया में मेरा **बचपन** बीता है। |
| दिशा | माँ ने हमें सही मार्ग पर चलने की **दिशा** दिखाई है। |
| घबराना | हमें विपदाओं में **घबराना** नहीं चाहिए। |
| छाया | माँ हमें अपने आँचल की **छाया** में रखती है। |

# 6 सच्ची मित्रता

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) कृष्ण कहाँ के राजा थे?

उत्तर—द्वारिका के।

(ख) सुदामा की पत्नी ने कृष्ण के लिए उपहारस्वरूप क्या भेजा?

उत्तर—चावल।

(ग) द्वारपाल ने सुदामा को राजा कृष्ण से क्यों नहीं मिलने दिया?

उत्तर—द्वारपाल ने फटे-पुराने कपड़े देखकर उन्हें कोई भिखारी समझा इसलिए नहीं मिलने दिया।

(घ) सुदामा रास्ते में क्या सोचने लगे?

उत्तर—सुदामा रास्ते में सोचने लगे कि मैंने तो कृष्ण से कुछ नहीं माँगा, उन्होंने भी मुझे कुछ नहीं दिया। अब घर जाकर पत्नी से क्या कहूँगा।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

गुरु संदीपन के आश्रम में बहुत-से छात्र पढ़ते थे। उनमें दो छात्र पक्के मित्र थे। एक का नाम कृष्ण और दूसरे का नाम सुदामा था। शिक्षा समाप्त करके जब वे दोनों अपने-अपने घर लौटे तो कृष्ण तो द्वारिका के राजा हो गए पर सुदामा गरीब ब्राह्मण ही रहे। वे पूजा-पाठ का काम करके अपने परिवार का पेट पालने लगे।

(क) कृष्ण और सुदामा पढ़ते थे—

विश्वामित्र के आश्रम में ☐ संदीपन के आश्रम में ☑

(ख) द्वारिका के राजा बन गए—

कृष्ण ☑ सुदामा ☐

(ग) सुदामा अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे—

मिठाई बेचकर ☐ पूजा-पाठ का काम करके ☑

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. भगवान श्रीकृष्ण को अन्य बहुत-से नामों से पुकारा जाता है। दी गई वर्ग पहेली में से उनके नाम पर गोला बनाओ—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | नं | द | ला | ल | व | ड | म |
| र्गा | शि | व | भो | ला | ना | वा | धु |
| स | क | न् | है | या | थ | सु | सू |
| झ | द्वा | रि | का | धी | श | दे | द |
| पि | ना | ज | गो | पा | ल | व | न |

नंदलाल
मधुसूदन
वासुदेव
कन्हैया
द्वारिकाधीश
गोपाल

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बच्चों को भूखा देखकर सुदामा की पत्नी ने उनसे क्या कहा?

उत्तर—बच्चों को भूखा देखकर सुदामा की पत्नी ने उनसे कहा—''तुम द्वारिका जाकर अपने मित्र कृष्ण से क्यों नहीं मिलते, वे तो राजा हैं तुम्हें गरीबी में देखकर अवश्य कुछ सहायता करेंगे।''

(ख) सुदामा को कृष्ण से मिलने में संकोच क्यों हो रहा था?

उत्तर—सुदामा को गरीब होने के कारण कृष्ण से मिलने में संकोच हो रहा था।

(ग) सुदामा का नाम सुनकर कृष्ण ने क्या किया?

उत्तर—सुदामा का नाम सुनकर कृष्ण नंगे पाँव ही द्वार तक दौड़े चले आए।

(घ) मित्र के यहाँ से लौटकर सुदामा ने क्या देखा?

उत्तर—मित्र के यहाँ से लौटकर सुदामा ने देखा कि उनकी झोंपड़ी वहाँ नहीं थी। एक बड़े महल में सुंदर कीमती वस्त्र पहने उनकी पत्नी और बच्चे थे। घर अन्न-धन से भरा पड़ा था।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**5. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कपड़ा | **कपड़े** | पाठशाला | **पाठशालाएँ** |
| झोपड़ी | **झोपड़ियाँ** | बच्चा | **बच्चे** |
| चप्पल | **चप्पलें** | पोटली | **पोटलियाँ** |

**6. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| सुंदर | एक बड़े महल में **सुंदर** कीमती वस्त्र पहने सुदामा की पत्नी और बच्चे थे। |
| गरीब | सुदामा एक **गरीब** ब्राह्मण थे। |
| मित्र | सुदामा व कृष्ण पक्के **मित्र** थे। |
| बचपन | **बचपन** में कृष्ण व सुदामा साथ-साथ पढ़ते थे। |

# 7 वाणी की चतुरता

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) राजा को क्या शौक था?

उत्तर—हाथी पालने का।

(ख) पीलू राजा को किस प्रकार प्रणाम करता था?

उत्तर—अपना सिर ऊपर-नीचे करके।

(ग) राजा ने गाँव के मुखिया को क्या चेतावनी दी?

उत्तर—पीलू की देखभाल अच्छी तरह होनी चाहिए। यदि उसे कुछ हुआ तो यह समाचार देने वाले को मौत की सजा दी जाएगी।

(घ) चतुर सिंह ने मुखिया से क्या कहा?

उत्तर—आप डरिये मत। राजा के पास इस समाचार को मैं ले जाऊँगा।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

एक बार राजा कुंदननगर गया। वहाँ उसने हाथी का एक बच्चा देखा। उसका नाम पीलू था। राजा को पीलू बहुत अच्छा लगा। उसने पीलू को खरीद लिया।

(क) राजा कौन-से नगर गया—

प्रतापगढ़ ☐ कुंदननगर ☑

(ख) राजा ने कुंदननगर में क्या खरीदा—

एक बंदर ☐ एक हाथी ☑

(ग) हाथी का नाम था—

पीलू ☑ टिंकू ☐

(घ) राजा को पीलू कैसा लगा—

अच्छा ☑ बुरा ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. हाथी अपनी विशालकाया के लिए प्रसिद्ध है। दिए गए जंतु अपने किन गुण के लिए प्रसिद्ध हैं? बताओ—**

(क) गधा जाना जाता है— होशियारी के लिए/**मूर्खता के लिए**

(ख) बंदर जाना जाता है— चतुराई के लिए/**दूसरों की नकल करने के लिए**

(ग) मोर जाना जाता है— **सुंदरता के लिए**/रंग के लिए

(घ) सियार जाना जाता है— मित्रता के लिए/**धूर्तता के लिए**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) राजा ने पीलू को गाँव में क्यों भिजवा दिया?

उत्तर—राजा ने पीलू को गाँव इसलिए भिजवा दिया जिससे कि वह बीमार हाथियों के साथ रहकर बीमार न हो जाए।

(ख) राजा ने क्या चेतावनी दी?

**उत्तर**—राजा ने चेतावनी दी थी—''पीलू की देखभाल अच्छी तरह से होनी चाहिए। यदि इसे कुछ हो गया तो यह समाचार देने वाले को मौत की सजा दी जाएगी।''

(ग) पीलू की मृत्यु का समाचार राजा को किसने दिया?

**उत्तर**—पीलू की मृत्यु का समाचार राजा को चतुर सिंह नामक व्यक्ति ने दिया।

(घ) चतुर सिंह ने पीलू की मृत्यु का समाचार किस प्रकार दिया?

**उत्तर**—चतुर सिंह ने राजा को बताया कि पीलू न तो कुछ खाता है और न ही पानी पीता है। वह उठता-बैठता भी नहीं है। वह कल से न तो सोता है न जागता है। वह आँखें भी नहीं खोलता है और न ही चिंघाड़ता है।

(ङ) राजा चतुर सिंह से क्यों खुश थे?

**उत्तर**—राजा चतुर सिंह की चतुराई से खुश थे।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. संयुक्ताक्षरों वाले एक-एक शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| च्छ | **अच्छा** | न्त | **अन्त** |
| ज्य | **राज्य** | प्य | **प्यार** |
| न्ह | **नन्हा** | श्य | **श्याम** |

**6. तुक वाले दो-दो शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| बार | हार | जार |
| आता | **जाता** | **लाता** |
| भेज | **मेज** | **तेज** |
| ठीक | **सीख** | **चीख** |

**7. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रनाम | **प्रणाम** | पाणी | **पानी** |
| पृकार | **प्रकार** | माहराजा | **महाराजा** |
| सामाचार | **समाचार** | परशन | **प्रश्न** |

# 8 आइंस्टाइन

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बालक आइंस्टाइन की शैशवकाल से ही किस विषय में रुचि थी?

**उत्तर**—गणित में।

(ख) आइंस्टाइन का पूरा नाम क्या था?

**उत्तर**—अलबर्ट आइंस्टाइन।

(ग) बालक ने पिता को विद्यालय न जाने का क्या कारण बताया?

**उत्तर**—मैं ऐसे किसी स्कूल में नहीं पढ़ना चाहता जहाँ के अध्यापक मेरे सभी प्रश्नों के उत्तर ठीक-ठीक न दे सकें।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

इस ज्ञानी बालक का पूरा नाम अल्बर्ट आइंस्टाइन था। इनका जन्म जर्मनी के उल्स नामक स्थान पर हुआ था। एक वर्ष की अल्पावस्था में ही यह अपने परिवार के साथ म्यूनिख चले गए।

(क) आइंस्टाइन का जन्म कहाँ हुआ—

ग्वालियर में ☐ उल्स में ✓

(ख) उल्स कहाँ है—

भारत में ☐ जर्मनी में ✓

(ग) जब आइंस्टाइन अपने परिवार के साथ म्यूनिख गए तो उनकी उम्र थी—

एक वर्ष ✓ चार वर्ष ☐

**3. पाठ के आधार पर 'सही' या 'गलत' लिखो—**

(क) आइंस्टाइन एक चित्रकार थे। **गलत**

(ख) परमाणु शक्ति का आविष्कार आइंस्टाइन ने किया था। **गलत**

(ग) स्विट्जरलैण्ड में आइंस्टाइन के गणित के अध्यापक हँसमुख थे। **सही**

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**4. निम्नलिखित आविष्कार किसने किए? सही नाम छाँटो—**

(क) टेलीविजन का आविष्कार — **जॉन एल० बेयर्ड**/राइट ब्रादर्स

(ख) साइकिल का आविष्कार — थॉमस एल्वा एडीसन/**के० मैकमिलन**

(ग) बैटरी का आविष्कार — **एलीस अनडरा वॉल्टा**/राइस केलो

(घ) बल्ब का आविष्कार — **थॉमस एडीसन**/कलाम

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) गणित के अध्यापक ने आइंस्टाइन के प्रश्नों का उत्तर क्यों नहीं दिया?

उत्तर—गणित के अध्यापक ने आइंस्टाइन के प्रश्नों का उत्तर इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे उसके प्रश्नों का उत्तर देने में असमर्थ थे।

(ख) गणित के अध्यापक ने आइंस्टाइन को क्या कहकर कक्षा से बाहर निकाल दिया?

उत्तर—गणित के अध्यापक ने आइंस्टाइन को यह कहकर कक्षा से बाहर निकाल दिया कि वह बार-बार बेतुके प्रश्न पूछकर दूसरे बच्चों का समय बरबाद कर रहा है।

(ग) पिता ने आइंस्टाइन को कहाँ प्रवेश दिलाया?

उत्तर—पिता ने आइंस्टाइन को स्विट्जरलैंड के एक स्कूल में प्रवेश दिलाया।

(घ) जब आइंस्टाइन जर्मनी से आए तो जर्मनी की बागडोर किसके हाथ में थी?

उत्तर—जब आइंस्टाइन जर्मनी से आए तो जर्मनी की बागडोर हिटलर के हाथ में थी।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यापक | **अध्यापिकाएँ** | बालक | **बालिका** |
| पिता | **माता** | बेटी | **बेटा** |
| महोदय | **महोदया** | पुजारी | **पुजारिन** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| आविष्कार | आइंस्टाइन के सिद्धान्तों के फलस्वरूप परमाणु शक्ति व टेलीविजन का **आविष्कार** संभव हो सके। |
| अनुशासन | बच्चों को कक्षा के **अनुशासन** को भंग नहीं करना चाहिए। |
| कक्षा | गणित के अध्यापक ने आइंस्टाइन को **कक्षा** से बाहर निकाल दिया। |
| मेधावी | आइंस्टाइन एक **मेधावी** छात्र थे। |

## सतत मूल्यांकन-II (Continuous Evaluation-II)

### (पाठ 5 से 8)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) राजा को क्या शौक था?

उत्तर—हाथी पालने का।

(ख) बालक आइंस्टाइन की शैशवकाल से ही किस विषय में रुचि थी?

उत्तर—गणित में।

(ग) कृष्ण कहाँ के राजा थे?

उत्तर—द्वारिका के।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) माँ को पाकर जीवन कैसा हो जाता है—

दु:खी ☐ धन्य ✓

(ख) राजा कौन-से नगर गया था—

प्रतापगढ़ ☐ कुंदननगर ✓

(ग) उल्स कहाँ है—

भारत में ☐ जर्मनी में ✓

**3. बूझो पहेली—**

'भगवान श्रीकृष्ण' को अन्य बहुत-से नामों से पुकारा जाता है। दी गई वर्ग पहेली में से उनके नाम पर गोला बनाओ—

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | नं | द | ला | ल | व | ड | म | नंदलाल |
| र्गा | शि | व | भो | ला | ना | वा | धु | मधुसूदन |
| स | क | न्ह | है | या | थ | सु | सू | वासुदेव |
| झ | द्वा | रि | का | धी | श | दे | द | कन्हैया |
| पि | ना | ज | गो | पा | ल | व | न | द्वारिकाधीश |
| | | | | | | | | गोपाल |

# 9 चंदा मामा पास तो आना

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बच्चे किससे मेल बढ़ाना चाहते हैं?

उत्तर—चंदा मामा से।

(ख) बच्चे क्या दूर भगाने की तरकीब चंदा से पूछ रहे हैं?

उत्तर—मन का अँधियारा।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

तुम चंदन जैसे शीतल हो
तन मन को हरषा दो
आँखों में निंदिया आ जाए
ऐसी लोरी गा दो
सपनों में मुझको सारी
दुनिया की सैर कराना।
चंदा मामा पास तो आना।।

(क) बच्चे चंदा से क्या गाने को कह रहे हैं—

लोरी ✓ कविता ☐

(ख) बच्चे कहाँ की सैर करना चाहते हैं—

दुनिया की ✓ चंदा की ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचकर बताओ—**

(क) किसका आकार घटता-बढ़ता रहता है— **चाँद का**/सूरज का

(ख) चाँद कब पूरा गोल दिखता है— **पूर्णिमा को**/अमावस्या को

(ग) दिन में दिखाई देता है— **सूरज**/चाँद

(घ) चाँद को रोशनी मिलती है— धरती से/**सूरज से**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चंदा को किसके समान शीतल बताया गया है?

उत्तर—चंदा को चंदन के समान शीतल बताया है।

(ख) बच्चे चंदा को क्या कहकर बुला रहे हैं?

उत्तर—बच्चे चंदा को मामा कहकर बुला रहे हैं।

(ग) बच्चे चंदा को कैसी लोरी गाने के लिए कह रहे हैं?

उत्तर—जिस लोरी को सुनकर आँखों में नींद आ जाए बच्चे चंदा से ऐसी लोरी सुनाने को कह रहे हैं।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**5. तुक वाले शब्दों को मिलाइए—**

| | |
|---|---|
| आना | उठाएँ |
| चमकाएँ | कराना |
| बढ़ाना | जाते |
| आते | चढ़ाना |

(आना → कराना, चमकाएँ → उठाएँ, बढ़ाना → चढ़ाना, आते → जाते)

**6. अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्दों को पूरा करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चदन | **चंदन** | आखो | **आँखों** |
| अधियारा | **अँधियारा** | चदा | **चंदा** |
| चमकाए | **चमकाएँ** | आगन | **आँगन** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| शीतल | चंदा मामा चंदन जैसे **शीतल** हैं। |
| सैर | बच्चे दुनिया की **सैर** करना चाहते थे। |
| आँगन | चंदा मामा **आँगन** में शाम ढलते ही आ जाते हैं। |
| सपना | बच्चों को सारी दुनिया की सैर करने का **सपना** देखना अच्छा लगता है। |

# 10 मेहनत की कमाई

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) लड़का कैसा था?

**उत्तर**—आलसी।

(ख) पिता ने लड़के से क्या कहा?

**उत्तर**—''जा, कुछ कमाकर ला।''

(ग) पहले दिन लड़के को रुपया किसने दिया?

**उत्तर**—माँ ने।

(घ) सेठ ने लड़के को कितने पैसे दिए?

**उत्तर**—अठन्नी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

लड़का अपनी बहन के पास जाकर रोने लगा। बहन ने तरस खाकर एक रुपया उसे अपने पास से दिया। पिता ने रात्रि में लड़के से पूछा—''आज तूने क्या कमाया?'' लड़के ने जेब से रुपया निकालकर पिता के सामने रख दिया। पिता बोला, ''जा, इसे कुएँ में फेंक आ।'' लड़के ने वैसा ही किया।

(क) लड़का किसके पास जाकर रोने लगा—

पिता के ☐ बहन के ☑

(ख) बहन ने भाई को क्या दिया—

एक रुपया ☑ चार रुपये ☐

(ग) पिता ने लड़के से एक रुपया कहाँ फेंकवा दिया—

तालाब में ☐ कुएँ में ☑

**3. किसने कहा—**

(क) "तूने क्या कमाया?" **पिता ने**

(ख) "मैं तुम्हें अठन्नी दूँगा।" **सेठ ने**

(ग) "यह मेरी मेहनत की कमाई है।" **लड़के ने**

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**4. सोचो और बताओ—**

(क) एक रुपये में पैसे होते हैं— **सौ**/एक हजार

(ख) प्राचीन काल में सिक्के होते थे— मिट्टी के/**सोने-चाँदी के**

(ग) अमेरिका की मुद्रा कहलाती है— **डॉलर**/रूबी

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) अमीर आदमी ने अपनी पत्नी और बेटी को घर से क्यों निकाल दिया?

उत्तर—अमीर आदमी ने अपनी पत्नी और बेटी को घर से इसलिए निकाल दिया क्योंकि उन्होंने उसके बेटे को पैसे दिए थे।

(ख) लड़के द्वारा पैसे कुएँ में न डालने पर पिता की क्या समझ में आ गया?

उत्तर—लड़के द्वारा पैसे कुएँ में न डालने पर पिता की समझ में आ गया कि अब उनका बेटा मेहनत की कमाई के महत्त्व को जान गया है।

(ग) लड़के ने अठन्नी कैसे प्राप्त की?

उत्तर—लड़के ने अठन्नी एक सेठ का संदूक उठाकर सेठ के घर तक पहुँचाकर कमायी।

(घ) लड़के ने अठन्नी कुएँ में क्यों नहीं डाली?

उत्तर—लड़के ने अठन्नी कुएँ में इसलिए नहीं डाली क्योंकि वह उसकी मेहनत की कमाई थी।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. इन शब्दों के समूह के लिए एक-एक शब्द लिखो—**

(क) जिसे किसी की परवाह न हो **लापरवाह**

(ख) जिसमें लज्जा न हो **निर्लज्ज**

(ग) जिसे अनुभव हो **अनुभवी**

(घ) आठ आनों का समूह **अठन्नी**

# 11 सेर को सवा सेर

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) भेड़ पर किसने वार किया?

उत्तर—शेर ने।

(ख) भेड़ को बचाने के लिए लेखक के साथ और कौन था?

उत्तर—बैल।

(ग) लेखक ने लोगों को क्या कहते सुना?

उत्तर—हिम्मत से काम लेने वाले व्यक्तियों का भगवान भी साथ देता है।

(घ) गाँव वाले जंगल में क्यों नहीं घूमते थे?

उत्तर—शेर के आतंक के कारण।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

भेड़ को शेर के पंजे में देखकर मैं घबरा तो बहुत गया लेकिन मैं जानता था कि हिम्मत हारने से काम नहीं चलेगा।

(क) शेर के पंजे में कौन था—

लेखक ☐ भेड़ ☑

(ख) लेखक क्या देखकर घबरा गया—

भेड़ को शेर के पंजों में देखकर ☑ शेर को भेड़ के पंजों में देखकर ☐

(ग) लेखक क्या जानता था—

हिम्मत हारने से काम नहीं चलेगा ☑ शेर से कभी भी टक्कर नहीं लेनी चाहिए ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) शेर कैसा जानवर है— **मांसाहारी**/शाकाहारी

(ख) भेड़ कैसा जानवर है— मांसाहारी/**शाकाहारी**

(ग) भेड़ के बालों से वस्त्र बनाए जाते हैं— सूती/**ऊनी**

(घ) शेर रहता है— **गुफा में**/तालाब में

# समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) लेखक ने किसके चिल्लाने की आवाज सुनी?

उत्तर—लेखक ने भेड़ के चिल्लाने की आवाज सुनी।

(ख) लेखक ने शेर पर किससे वार किया?

उत्तर—लेखक ने शेर पर लाठी से वार किया।

(ग) कुछ दूरी तक शेर का पीछा किसने किया?

उत्तर—कुछ दूरी तक शेर का पीछा बैल ने किया।

(घ) घायल भेड़ को लेखक कहाँ ले गया?

उत्तर—घायल भेड़ को लेखक पशुओं के अस्पताल ले गया।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शेर | **शेरनी** | बैल | **गाय** |
| भेड़ | **नर भेड़** | भगवान | **देवी** |

**6. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाठी | **लाठियाँ** | पशुओं | **पशु** |
| भेड़ | **भेड़ें** | बैलों | **बैल** |

# प्रेरक प्रसंग

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) विवाह के कितने वर्ष तक अर्जुनदेव के यहाँ संतान नहीं हुई?

उत्तर—पंद्रह वर्ष तक।

(ख) अर्जुनदेव के पुत्र का क्या नाम था?

उत्तर—हरिगोविंद।

(ग) सिख गुरु परंपरा के छठे गुरु का क्या नाम था?

उत्तर—हरिगोविंद।

(घ) बालक हरिराय कहाँ टहल रहे थे?

उत्तर—बगीचे में।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

अगले दिन गंगा जी ने खुद मिस्सी रोटी और लस्सी तैयार की। साथ में प्याज लेकर तपती धूप में अकेली नंगे पाँव बाबा जी के पास पहुँचीं।

(क) गंगा जी ने क्या बनाया—

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूरी व जलेबी | ☐ | मिस्सी रोटी व लस्सी | ✓ |

(ख) गंगा जी मिस्सी रोटी व लस्सी के साथ क्या लेकर गईं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुड़ | ☐ | प्याज | ✓ |

(ग) तपती धूप में अकेली नंगे पाँव गंगा जी कहाँ गईं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| बाबा जी के पास | ✓ | अर्जुनदेव राय के पास | ☐ |

**3. किसने, किससे कहा—**

(क) ''महापुरुष आडंबर से नहीं, विनम्रता से प्रसन्न होते हैं।'' — **बाबा बुड्ढा जी** ने **अर्जुनदेव** से

(ख) ''आपके घर एक पराक्रमी बालक जन्म लेगा।'' — **बबा बुड्ढा जी** ने **गंगा** से

(ग) ''ये प्यारे फूल टहनियों पर लगे हुए कितने सुंदर लग रहे थे।'' — **हरिराय** ने **गुरु हरिगोविंद** से

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**4. सोचो और बताओ—**

(क) फूल होते हैं— **कोमल**/कठोर

(ख) जल में खिलता है— गेंदा का फूल/**कमल का फूल**

(ग) हमारा राष्ट्रीय पुष्प है— गुलाब/**कमल**

(घ) सूरज की ओर आकर्षित होता है— **सूरजमुखी का फूल**/कनेर का फूल

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) प्रथम दिन बाबा बुड्ढा जी गंगा जी से प्रसन्न क्यों नहीं हुए थे?

उत्तर— प्रथम दिन बाबा बुड्ढा जी गंगा जी से प्रसन्न नहीं हुए थे क्योंकि गंगाजी श्रद्धा और भक्ति से नहीं बल्कि कई प्रकार के व्यंजन लेकर दास-दासियों के साथ बाबा बुड्ढा जी के पास पहुँची थीं।

(ख) बाबा बुड्ढा जी ने गंगा जी को क्या आशीर्वाद दिया?

उत्तर— बाबा बुड्ढा जी ने गंगा जी को आशीर्वाद दिया कि उनके घर एक पराक्रमी बालक जन्म लेगा। वह मीरी-पीरी का मालिक होगा। आपका योद्धा पुत्र दुष्टों के सिर वैसे ही तोड़ेगा, जैसे मैं यह प्याज तोड़ रहा हूँ।

(ग) गुरु हरिराय का स्वभाव कैसा था?

उत्तर— गुरु हरिराय का स्वभाव अत्यंत कोमल था।

(घ) गुरु हरिराय की उदासी का क्या कारण था?

उत्तर— गुरु हरिराय के खुले व लंबे चोगे के कारण कुछ फूल जमीन पर टूटकर नीचे गिर गए थे। उनके द्वारा फूलों का इस प्रकार टूटना ही उनकी उदासी का कारण था।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पत्नी | **पति** | दास | **दासी** |
| गुरु | **गुरुआइन** | परदादा | **परदादी** |

**7. 'र' के विभिन्न रूप से शब्द बनाओ—**

| | | |
|---|---|---|
| '  ॅ ' | पूर्ण | कर्म |
| ' ्र ' | क्रम | भ्रम |
| 'र' | राम | रात |

## सतत मूल्यांकन-III (Continuous Evaluation-III)

### (पाठ 9 से 12)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) सेठ ने लड़के को कितने पैसे दिए?

उत्तर— अठन्नी।

(ख) अर्जुनदेव के पुत्र का नाम क्या था?

उत्तर— हरिगोविंद।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) बच्चे चंदा से क्या गाने को कह रहे हैं—

लोरी [✓] कविता [ ]

(ख) लेखक क्या जानता था—

हिम्मत हारने से काम नहीं चलेगा [✓] शेर से कभी भी टक्कर नहीं लेनी चाहिए [ ]

(ग) गंगा जी ने क्या बनाया—

पूरी व जलेबी [ ] मिस्सी रोटी व लस्सी [✓]

**3. किसने, किससे कहा—**

(क) ''यह मेरी मेहनत की कमाई है।'' **लड़के** ने **पिता** से

(ख) ''आपके घर एक पराक्रमी बालक जन्म लेगा।'' **बाबा बुड्ढा जी** ने **गंगा** से

(ग) ''महापुरुष आडंबर से नहीं, विनम्रता से प्रसन्न होते हैं।'' **बाबा बुड्ढा जी** ने **अर्जुनदेव** से

**4. बूझो पहेली**

**सोचो और बताओ—**

(क) जल में खिलता है— गेंदा का फूल/**कमल का फूल**

(ख) शेर कैसा जानवर है— **मांसाहारी**/शाकाहारी

(ग) एक रुपये में पैसे होते हैं— **सौ**/एक हजार

(घ) किसका आकार घटता-बढ़ता रहता है— **चाँद का**/सूरज का

# 13 बुढ़िया चला रही थी चक्की

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बुढ़िया क्या चला रही थी?

उत्तर— चक्की।

(ख) दोने में क्या रखा था?

उत्तर— मिठाई।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बुढ़िया बाँस उठाकर बोली, बिल्ली खाने लगी पकौड़ी।
बुढ़िया झपटी घर के अंदर, कुत्ता भागा रोटी लेकर।

(क) बुढ़िया क्या उठाकर बोली—

झाड़ू ☐ बाँस ☑

(ख) बिल्ली क्या खाने लगी—

पकौड़ी ☑ मलाई ☐

(ग) कुत्ता क्या लेकर भागा—

पकौड़ी ☐ रोटी ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) बिल्ली को क्या पसंद है— **दूध**/मिठाई

(ख) आकार में बड़ा है— **कुत्ता**/बिल्ली

(ग) बिल्ली को देखकर भाग जाते हैं— शेर/**चूहे**

(घ) शेर की ही जाति का प्राणी है— कुत्ता/**बिल्ली**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बुढ़िया कितने साल की थी?

उत्तर— बुढ़िया साठ साल की थी।

(ख) मिठाई पर क्या आई?

उत्तर— मिठाई पर मक्खी आई।

(ग) बुढ़िया जब चली तो क्या हुआ?

उत्तर— बुढ़िया जब चली तो मटका गिर गया।

(घ) बुढ़िया ने थककर क्या किया?

उत्तर— बुढ़िया थककर बैठ गई और बिल्ली को घर सौंप दिया।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**5. द्वित्व व्यंजन से शब्द बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्क | **पक्की** | न्न | **अन्न** |
| ल्ल | **बिल्ली** | त्त | **कुत्ता** |

**6. शुद्ध रूप पर गोला बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | बिलली | बल्ली | बिल्ली |
| (ख) | मठका | माठका | मटका |
| (ग) | मक्खी | मकखी | मखकी |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मटका | **मटकियाँ** | मिठाई | **मिठाइयाँ** |
| मक्खी | **मक्खियाँ** | चक्की | **चक्कियाँ** |

# 14 ब्रह्मा जी का श्राप

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) हाथी का उपहास किसने उड़ाया?

उत्तर— चींटी ने।

(ख) जंगल का राजा कौन था?

उत्तर— शेर।

(ग) सभी जंतुओं की बात कौन सुन रहा था?

उत्तर— गिरगिट।

(घ) सभी जंतु दौड़ का संभावित विजेता किसे मान रहे थे?

उत्तर— हिरन को।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

चींटी की बात सुनकर हाथी सकपका गया। उसे निरुत्तर देखकर शेर ने दहाड़ मारी और बोला—''अरे मूर्खो! मेरे होते हुए दूसरे अन्य जानवर कैसे श्रेष्ठ हो सकते हैं। मेरे दहाड़ने से सारा जंगल काँप उठता है। इसमें इतना विचार करने की कौन-सी बात है कि सर्वश्रेष्ठ कौन है?''

(क) चींटी ने किसे निरुत्तर किया—

शेर को ☐ हाथी को ☑

(ख) किसके दहाड़ने से सारा जंगल काँप उठता है—

चींटी के ☐ शेर के ☑

(ग) हाथी किसकी बात सुनकर सकपका गया—

ब्रह्मा जी की ☐ चींटी की ☑

**3. पाठ के आधार पर 'सही' या 'गलत' लिखो—**

(क) शेर को प्रारंभ से ही हिरन नजर नहीं आ रहा था। **सही**

(ख) ब्रह्मा जी ने दो शर्त लगाई। **गलत**

(ग) शेर को डर खरगोश से था। **गलत**

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**4. सोचो और बताओ इन त्योहारों पर कौन-से भगवान की पूजा होती है—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिवरात्रि | **शिवजी** | जन्माष्टमी | **कृष्णाजी** |
| दीपावली | **गणेशजी, लक्ष्मीजी** | नवरात्रि | **माँ दुर्गा** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) शेर की बात सुनकर हिरन ने क्या कहा?

**उत्तर**—शेर की बात सुनकर हिरन ने कहा—''निःसंदेह हम सबसे अधिक बलवान वनराज हैं और वे जंगल के राजा भी हैं। पर यह क्यों भूलते हो कि मैं इतना तेज दौड़ता हूँ कि मुझे पकड़ने में अन्य जानवर तो क्या स्वयं वनराज के भी पसीने छूट जाते हैं।''

(ख) अपने आप को मानव का पूर्वज किसने बताया?

**उत्तर**—अपने आप को मानव का पूर्वज बंदर ने बताया।

(ग) सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने सभी जंतुओं को क्या समझाया?

**उत्तर**—सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने सभी जंतुओं को समझाया कि प्रत्येक जीव-जंतु अपनी-अपनी जगह श्रेष्ठ है।

(घ) हिरन के ब्रह्मा जी के पास पहुँचते ही गिरगिट ने क्या किया?

**उत्तर**—हिरन के ब्रह्मा जी के पास पहुँचते ही गिरगिट ने एक छलाँग लगाई और ब्रह्मा जी की गोद में जा गिरा।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शरत | **शर्त** | जँगल | **जंगल** |
| सेर | **शेर** | पहुंच | **पहुँच** |
| जंतू | **जंतु** | वक्षृ | **वृक्ष** |

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिक | **कम** | बलवान | **कमजोर** |
| जीत | **हार** | राजा | **रंक** |
| बड़ा | **छोटा** | श्राप | **वरदान** |

# 15 भगवान बुद्ध और गाली

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने किसे गाली दी?

उत्तर— भगवान बुद्ध को।

(ख) भगवान बुद्ध ने श्यामसुंदर के रिश्तेदार से क्या पूछा?

उत्तर— तुम्हारे घर मेहमान आते हैं या नहीं।

(ग) भगवान बुद्ध ने किससे माफी माँगी?

उत्तर— श्यामसुंदर भारद्वाज के रिश्तेदार ने।

(घ) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर— हमें कभी किसी को गाली नहीं देनी चाहिए।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

भगवान बुद्ध ने उसकी गालियों का बुरा नहीं माना। वे शांत मुद्रा में बैठे मुस्काते रहे। श्यामसुंदर भारद्वाज का रिश्तेदार भी अकेला कब तक गाली बकता।

(क) भगवान बुद्ध ने किस बात का बुरा नहीं माना—

गालियों का ☑ भोजन न कराने का ☐

(ख) भगवान बुद्ध किस मुद्रा में बैठे रहे—

शांत मुद्रा में ☑ व्यायाम मुद्रा में ☐

(ग) गाली देने वाला व्यक्ति किसका रिश्तेदार था—

भगवान बुद्ध का ☐ श्यामसुंदर का ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ इन्हें क्या कहते हैं—**

(क) माँ के पिता को कहते हैं— **नाना**/दादा

(ख) माँ की बहन को कहते हैं— **मौसी**/मामा

(ग) पिता की बहन को कहते हैं— मौसी/**बुआ**

(घ) पिता की माता को कहते हैं— नानी/**दादी**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बौद्ध धर्म की दीक्षा किसने ली?

उत्तर— बौद्ध धर्म की दीक्षा श्यामसुंदर भारद्वाज ने ली।

(ख) श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने क्या किया?

उत्तर— श्यामसुंदर का रिश्तेदार ने भगवान बुद्ध पर गालियों की बौछार करने लगा।

(ग) महात्मा बुद्ध ने गाली देने वाले व्यक्ति को क्या उदाहरण देकर समझाया?

उत्तर— महात्मा बुद्ध ने गाली देने वाले व्यक्ति को मेहमान का उदाहरण देकर समझाया कि जिस प्रकार यदि मेहमान तुम्हारी दी गई भेंट को न लें तो वे तुम्हारे पास ही रह जाएँगी उसी प्रकार आपके द्वारा दी गई गालियाँ भी मैंने नहीं लीं तो वे भी आपके पास रह गईं।

(घ) श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने भगवान बुद्ध से माफी क्यों माँगी?

उत्तर— श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने गालियाँ देने की गलती पर लज्जित होने के कारण भगवान बुद्ध से माफी माँगी।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**5. शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मूदरा | **मुद्रा** | अखिर | **आखिर** |
| रिसतैदार | **रिश्तेदार** | जबाव | **जवाब** |
| भग्वान | **भगवान** | मुर्ख | **मूर्ख** |

**6. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| माफी | श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने भगवान बुद्ध से **माफी** माँगी। |
| नाराज | श्यामसुंदर का रिश्तेदार भगवान बुद्ध से **नाराज** था। |
| मेहमान | हमें अपने मेहमानों का **आदर**-सत्कार करना चाहिए। |
| धर्म | सत्य ही **धर्म** है। |

# 16 सुनते हो पर समझते नहीं

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) वतायो संत का असली नाम क्या था?

उत्तर— वतनमल्ल था।

(ख) वतायो संत ने ईश्वर से क्या कहा?

उत्तर— अब तो कोई सवारी दिलाओ ताकि अपनी शेष यात्रा आराम से कट जाए।

(ग) वतायो संत को राह में कौन मिला?

उत्तर— एक सिपाही।

(घ) सिपाही ने वतायो संत से क्या कहा?

उत्तर— अरे यहाँ आओ, इस बच्चे को लादकर ले चलो।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

वतायो संत का असली नाम वतनमल्ल था। उनके पिता मेलाराम अपने संयुक्त परिवार के साथ ताजपुर (पंजाब) के उमरकोट (सिंध) में जाकर बस गए थे। वहीं सन् 1930 के आस-पास वतायो संत का जन्म हुआ था।

(क) वतायो संत के पिता का क्या नाम था—

मेलाराम ☑ भोलाराम ☐

(ख) मेलाराम अपने संयुक्त परिवार के साथ कहाँ चले गए थे—

राजकोट ☐ उमरकोट ☑

(ग) वतायो संत का जन्म कब हुआ—

1930 में ☑ 1940 में ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. प्रत्येक समूह में एक शब्द गलत या अलग आया है। उसकी पहचानकर उस पर गोला ( ○ ) बनाओ—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | संत | साधु | (पाकेटमार) | ऋषि |
| (ख) | सूरज | चंद्रमा | तारे | (लक्ष्मी) |
| (ग) | घोड़ा | (कोयल) | हाथी | गधा |
| (घ) | ताजपुर | रामपुर | धामपुर | (इंग्लैंड) |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) वतायो संत चौकी तक किसे लादकर लाए?

उत्तर— वतायो संत चौकी तक घोड़ी के बच्चे को लादकर लाए।

(ख) वतायो संत ने ईश्वर से ऐसा क्यों कहा कि 'सुनते हो; पर समझते नहीं हो'?

उत्तर— वतायो संत ने ईश्वर से ऐसा इसलिए कहा क्योंकि उन्होंने ईश्वर से कहा था कि मुझे सवारी के लिए घोड़ा दिलाओ या मुझ पर घोड़ा सवार कर दो।

(ग) सिपाही ने वतायो संत के साथ कैसा व्यवहार किया?

उत्तर— सिपाही ने वतायो संत के साथ बुरा व्यवहार किया।

(घ) वतायो संत का जन्म कब और कहाँ हुआ?

उत्तर— वतायो संत का जन्म सन् 1930 के आस-पास ताजपुर के उमरकोट नामक स्थान पर हुआ था।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**5. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| राह | **रास्ता** | ईश्वर | **भगवान** |
| सूरज | **सूर्य** | संत | **साधु** |
| घोड़ा | **अश्व** | मुल्क | **देश** |

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कच्ची | **पक्की** | ऊँचा | **नीचा** |
| संयुक्त | **विभक्त** | बाहर | **अंदर** |
| झूठी | **सच्ची** | बड़ी | **छोटी** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| संयुक्त | मेलाराम अपने **संयुक्त** परिवार के साथ रहते थे। |
| तपस | सूरज की **तपस** जोरों पर थी। |
| थकान | संत वताओ को बहुत **थकान** महसूस हुई। |
| विवश | **विवश** होकर संत वतायो को घोड़ी के बच्चे को अपने कंधों पर लादना पड़ा। |

# सतत मूल्यांकन-IV (Continuous Evaluation-IV)

## (पाठ 13 से 16)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बुढ़िया क्या चला रही थी?

उत्तर— चक्की।

(ख) श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने किसे गाली दी?

उत्तर— महात्मा बुद्ध को।

(ग) सभी जंतु दौड़ का संभावित विजेता किसे मान रहे थे?

उत्तर— हिरन को।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) कुत्ता क्या लेकर भागा—

| | | | |
|---|---|---|---|
| पकौड़ी | ☐ | रोटी | ✓ |

(ख) चींटी ने किसे निरुत्तर किया—

| | | | |
|---|---|---|---|
| शेर को | ☐ | हाथी को | ✓ |

(ग) वतायो संत का जन्म कब हुआ—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1930 में | ✓ | 1940 में | ☐ |

**3. 'सही' या 'गलत' लिखो—**

(क) शेर को प्रारंभ से ही हिरन नजर नहीं आ रहा था। **सही**

(ख) ब्रह्मा जी ने दो शर्त लगाई। **गलत**

(ग) शेर को डर खरगोश से था। **गलत**

**4. बूझो पहेली—**

(क) बिल्ली को देखकर भाग जाते हैं— शेर/**चूहे**

(ख) पिता की बहन को कहते हैं— मौसी/**बुआ**

(ग) माँ के पिता को कहते हैं— **नाना**/दादा

(घ) शेर की जाति का प्राणी है— कुत्ता/**बिल्ली**

# समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I)

## (पाठ 1 से 8)

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चोरों ने गुनीराम को क्यों पीटा?

उत्तर—गुनीराम के 'फँसते रहो' कहने पर चोरों ने उसे पीटा।

(ख) नन्हे बीज ने धरती पर आकर क्या देखा?

उत्तर—नन्हे बीज ने धरती पर आकर देखा कि सभी फूल उसके आने से प्रसन्न थे, मानो उसका स्वागत कर रहे हों।

(ग) रानी चींटी सभी चींटियों को टीले पर क्यों लाई?

उत्तर—रानी चींटी सभी चींटियों को टीले पर इसलिए ले गई क्योंकि सभी चींटियाँ बिना परिश्रम किए खा-खाकर आलसी होती जा रही थीं।

(घ) राजा चतुर सिंह से क्यों खुश थे?

उत्तर—राजा चतुर सिंह की चतुराई से खुश थे।

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

पाया जन्म **यहाँ हमने**
खाया **अन्न** यहाँ हमने,
इसकी **मिट्टी** में खेले
इसके सारे **सुख** झेले।

**3. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) बूँद व सूरज की किरण अंदर आने के लिए **व्याकुल** थीं।

(ख) कुछ लोग **मुर्दे** को लेकर आ रहे थे।

(ग) कुछ **चींटी** पानी में बह गईं।

(घ) रानी चींटी ने एक दिन **सभा** बुलाई।

**4. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| दिशा | सूरज पूरब **दिशा** में निकलता है। |
| बचपन | श्रीकृष्ण **बचपन** से ही बड़े नटखट थे। |
| घबराना | विपत्ति में **घबराना** नहीं चाहिए। |
| छाया | रामदीन थककर पेड़ की **छाया** में बैठ गया। |

**5. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अध्यापक | **अध्यापिका** | बालक | **बालिका** |
| पिता | **माता** | बेटी | **बेटा** |
| महोदय | **महोदया** | पुजारी | **पुजारिन** |

# समग्र मूल्यांकन-II (Comprehensive Evaluation-II)

## (पाठ 9 से 16)

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) लड़के ने अठन्नी कुएँ में क्यों नहीं डाली?

उत्तर—लड़के ने अठन्नी कुएँ में इसलिए नहीं डाली क्योंकि वह उसकी मेहनत की कमाई थी।

(ख) लेखक ने शेर पर किससे वार किया?

उत्तर—लेखक ने शेर पर लाठी से वार किया।

(ग) अपने आपको मानव का पूर्वज किसने बताया?

उत्तर—अपने आपको मानव का पूर्वज बंदर ने बताया।

(घ) श्यामसुंदर के रिश्तेदार ने क्या किया?

उत्तर—श्यामसुंदर का रिश्तेदार भगवान बुद्ध पर गालियों की बौछार करने लगा।

**2. इन शब्दों के समूह के लिए एक-एक शब्द लिखो—**

| | |
|---|---|
| (क) जिसे किसी की परवाह न हो | **लापरवाह** |
| (ख) जिसमें लज्जा न हो | **निर्लज्ज** |
| (ग) जिसे अनुभव हो | **अनुभवी** |
| (घ) आठ आनों का समूह | **अठन्नी** |

**3. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अधिक | **कम** | बलवान | **कमजोर** |
| जीत | **हार** | राजा | **रंक** |
| बड़ा | **छोटा** | श्राप | **वरदान** |

**4. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| संयुक्त | हम सब एक **संयुक्त** परिवार में रहते हैं। |
| थकान | मनोरंजन से **थकान** दूर हो जाती है। |
| विवश | **विवश** होकर अध्यापक को कक्षा से जाना पड़ा। |

**5. 'चंदा मामा पास तो आना' कविता की पाँच पंक्तियाँ लिखो।**